यालिनी

हिंदी पाठमाला

(एन०सी०ई०आर०टी० (NCERT) द्वारा निर्धारित
पाठ्य-क्रम पर आधारित)

उत्तर-पुस्तिका

(भाग 6 से 8)

शिक्षक सहायता किताब
हिंदी कक्षा-6

पाठ 1 – बंदनी जननी

लिखित

1. (क) मातृभूमि को (ख) बिजली से (ग) महादेवी वर्मा
2. (क) प्रस्तुत पद्य में स्वतंत्रता से पहले की बात की जा रही है।
   (ख) भारतवर्ष को पुण्य की, कर्मभूमि कहा जा रहा है।
   (ग) इसका अर्थ है— वे देवता और देवी अब नहीं हैं। जिन्होंने इस देश के भाग्य की कभी परीक्षा ली थी।
3. (क) कवयित्री कहती है— मातृभूमि; तुझे हम आजाद कर देंगे गर्मी से हमारे हृदय की जंजीरें गल जाएँगी और लोहे की दीवारें मिट्टी में मिल जाएँगी। अपने शरीर का बलिदान देकर अँधेरे को हम उजाले से भर देंगे और तुम्हें स्वतंत्र कर देंगे।
   (ख) कवयित्री भारतवर्ष को पुण्य की कर्मभूमि बनाने की कह रही है।
   (ग) कवयित्री ने भारत को दीन इसलिए कहा है, क्योंकि अब वो देवी-देवता नहीं रहे, जिन्होंने भारत के लिए अपना बलिदान दिया था।

भाषा ज्ञान

1. सूरज, दिनकर
   चन्द्रमा, चाँद
   माँ, माता
   बिजली, विद्युत
   घन, मेघ
   आसमान, आकाश
   संसार, जगत
   ईश्वर, भगवान
2. दानव, प्रकाश, बंधन
   तीखा, पाप, गरम

पाठ 2– नीलू

लिखित

1. (क) उसके बच्चे को (ख) माँ के पेट की उठणता को
   (ग) ऊन की गेंद जैसा
2. (क) घ्राण शक्ति के कुंठित हो जाने के कारण लूसी लकड़बग्घे की गंध न पहचान सकी और अनायास ही उसका आहार बन गई।
   (ख) लूसी हिरणी के समान वेगवती, साँचे में ढली हुई देह, जिस पर काला आभास देने वाले भूरे-पीले रोम, बुद्धिमानी का पता देने वाली काली आँखें, सजग खड़े कान यही सब उसकी राजसी विशेषताएं थीं।
   (ग) नीलू की सहृदयता, समझदारी तथा विवेकशीलता, जीवों के लिए दया की भावना ही सबके लिए आश्चर्य का विषय था।
   (घ) (1) यहाँ शीतकाल के दिनों की बात हो रही है।
   (2) नीलू पक्षियों के बच्चे जो उड़ने में असफल होते थे, उनका सतर्क पहरेदार बन जाता था, जिससे कोई कुत्ता या बिल्ली उन्हें नुकसान न पहुँचा सके।
   (ङ) सबके सो जाने पर नीलू गर्मियों में बाहर लॉन में और सर्दियों में बरामदे में तख्त पर बैठ कर पहरेदारी का कार्य करता था। रात में कई-कई बार पूरे कंपाउंड का और पशु-पक्षियों के घर के चक्कर लगाता था।

(च) एक दिन पत्तियों की सरसराहट सुनी और देखा-खरगोशों के पास जंगली बिल्ला था। वह दौड़ कर वहाँ गया तो बिल्ला भाग गया। लेकिन खरगोशों को बाहर निकलने से रोकने के लिए वह रातभर ओस से भीगता हुआ सुरंग के द्वार पर खड़ा रहा।

(छ) यदि नीलू के खाने को अवज्ञा के साथ फेंक दिया जाता था तो वह उसे न तो देखता था, न ही खाता था। इसी बात से लेखिका चिन्तित रहती थी।

(ज) हिरणी के समान वेगवती, साँचे में ढली हुई देह, जिस पर काला आभास देने वाले भूरे पीले रोम, बुद्धिमानी का पता देने वाली काली छोटी आँखें, सजग खड़े कान, पिछले पैरों के टखनों को छूने वाली पूँछ, ये सब उसकी राजसी विशेषताएं थीं।

(झ) लूसी को जब सामान लाना होता था तो वे लूसी के गले में रुपए और सामग्री की सूची के साथ एक बड़ा थैला बाँध कर सामान लेने भेजते थे। इससे काम में कोई रुकावट नहीं होती थी। कभी-कभी तो कई-कई बार जाना पड़ता था।

(ञ) बड़े होने पर नीलू रोम के भूरे, पीले और काले रंगों के मिलन से जो रंग बना था, एक विशेष प्रकार का धूप-छांह हो गया था। कानों की चौड़ाई और नुकीलेपन में भी कुछ नवीनता थी। पूँछ अल्सेशियन कुत्ते के समान थी, पंजे भूटिये के समान मजबूत, चौड़े और मुड़े हुए नाखून, आँखों का रंग शहद के रंग के समान था। आकृति की विशेषता के साथ उसके बल और स्वभाव में भी विशेषता थी।

(ट) इस कथन से लेखिका का तात्पर्य है कि नीलू प्रिय से प्रिय खाद्य को भी यदि अवज्ञा के साथ फेंक कर दिया जाता तो नीलू न ही उसे देखता था, न ही खाता था। और किसी बात पर उसे झिड़क दिया जाता तो वह बिना मनाए सामने भी नहीं आता था।

(ठ) नीलू का ध्वनि ज्ञान इतना विस्तृत और गहरा था कि उससे कुछ कहना, भाषा जानने वाले मनुष्य से बात करने के समान हो जाता था। बाहर या रास्ते में कोई उससे कहता, गुरुजी तुम्हें ढूंढ रही हैं, तो वह विद्युत गति से चारदीवारी कूदकर कमरे में पहुँच जाता था।

(ढ) पशु-पक्षियों के साथ हमारा व्यवहार नम्र होना चाहिए।

(त) लेखिका के घायल होने पर नीलू उदास हो गया। उसने न कुछ खाया, न पिया। उसे अस्पताल लाया गया। नियमित रूप से अस्पताल जाने पर वह डॉक्टर-नर्स से परिचित हो गया।

भाषा ज्ञान

1. (क) वे (ख) उन्होंने, वह (ग) मुझे (घ) वह
   (ङ) उससे
2. लूसी, नीलू, पहाड़, नीलू, कुत्ता, पूँछ, दवा
3. पृथ्वी, निपुणता, अहंकार, श्रीगणेश
4. अ + समर्थ, अ + कुशल,
   परि + वेश, आ + कृति,
   नुकील + आपन, धाम + इर्मिक,
   घबर + आहट, उद + आरता,

पाठ 3 - गुफाओं की कला

लिखित

1. (क) गुफाओं को अपना आश्रय बनाया। (ख) विश्व सांस्कृतिक धरोहर
   (ग) मठ (घ) अजंता
2. (क) भीम बेटका के चित्रों में आखेट, नृत्य, घुड़सवारी के दृश्य, जानवरों की लड़ाई, हाथियों की सवारी, शहद निकालने, सजने सँवरने तथा शेर, चीते, हाथी, जंगली भालू, छिपकली का चित्रांकन अंकित है।
   (ख) अजंता की गुफाओं की खोज एक अंग्रेजी सैन्य टुकड़ी द्वारा हुई, जो उस ओर गश्त लगा रही थी बाद में अनेक शोधकर्ताओं, तथा इतिहासकारों ने इस प्राकृतिक चित्र गैलरी के रहस्य की खोज करने में रुचि दिखाई।
   (ग) गुप्तकालीन मूर्तिकला मध्यप्रदेश के विदिशा के समीप उदयगिरि की गुफाओं में देखने को मिलती हैं।

उदयगिरि की गुफाओं की सबसे अधिक प्रसिद्ध मूर्ति नृवराह अवतार की है।

(घ) शिकार की खोज में जंगल-जंगल भटक रहा मानव जब प्राकृतिक गुफाओं में रहने लगा और प्राकृतिक आपदाओं से अपने को सुरक्षित, महसूस करता हुआ उसने गुफाओं की शिलाओं को चित्रों से सजा दिया तभी से गुफाओं की शिलाचित्र की परंपरा आरंभ हुई।

(ङ) औरंगाबाद से लगभग 100 किलोमीटर दूर अजंता की गुफाएँ देखने को मिलती हैं। इन गुफाओं में सुन्दर नक्काशी वाले स्तंभ, अभूतपूर्व चित्र, मूर्तियाँ और बुद्ध की की अनेक प्रतिमाएं है। अजंता की गुफाएं इस प्रकार निर्मित की गई कि यहां प्राकृतिक प्रकाश स्वत: ही पहुंचता है। बृद्ध की प्रतिमाओं के मध्य का पवित्र वातावरण इन गुफाओं में देखने को मिलता है।

(च) एलोरा की गुफाओं में चट्टानों को काटकर हिन्दू मंदिर, बौद्ध विहार और जैन मठ निर्मित किए गए हैं जो धार्मिक समन्वय का सर्वोत्तम उदाहरण है। एलोरा के स्मारकों में सबसे महत्वपूर्ण कैलाश मंदिर है। नृत्य करते नटराज की प्रतिमा, चट्टानों पर शिव विवाह का दृश्य, कैलाश पर्वत में बैठे शिव-पार्वती, नंदी बैल की प्रतिमा आदि इसी के उदाहरण हैं। नक्काशीदार स्तंभ, दीवारों पर उकेरे दृश्य सभी अभिभूत करने वाले हैं।

(छ) ऐलीफेंटा की गुफाओं में गुप्त काल की कला स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। यहाँ शिव की विलक्षण प्रतिमाएँ हैं। ऐलीफेंटा की त्रिमूर्ति, शिव की प्रतिमा, नटराज की प्रतिमा, सदाशिव तथा अर्धनारीश्वर की प्रतिभा इन्हीं गुफाओं के उदाहरण हैं। इसमें शिव की मूर्ति लगभग बीस फुट ऊँची है। अत: ऐलीफेंटा की गुफाओं के मन्दिर परिसर को शिव के निवास के रूप में ही पहचाना जाता है।

3. (क) उदयगिरि की सबसे प्रसिद्ध मूर्ति नृवराह अवतार की है।

(ख) नृवराह की मूर्ति में प्रतिमा का शरीर मानव का है और मुख वारह का है। नथुने में पृथ्वी दिखाई गई है।

(ग) जब हिरणयाक्ष दैत्य पृथ्वी को रसातल में ले गया था तब पृथ्वी का उद्धार नृवराह अवतार द्वारा हुआ था।

(घ) नृवराह की मूर्ति उदयगिरि को आठवीं गुफा में स्थित है।

(ङ) ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गंगा, यमुना, ऋषि-मुनि, नवग्रह अपना हर्ष व्यक्त करते हुए नृवराह को आशीर्वाद दे रहे हैं।

भाषा ज्ञान

1. (क) वनिता (ख) पीड़ा (ग) लंबोदर (घ) खोह

(ङ) शुभ्र (च) हथियार

2. अपवित्र, ह्रास विनाश, सूर्यास्त, अभूतपूर्व, साफ, परोक्ष, अपकर्ष, निम्नतम, अप्राकृतिक।

3. इतिहासकार, साहित्यकार, परंपरावादी, विज्ञानिक, भूगोलाचार्य, सांस्कृतिक।

पाठ 4 - बुद्धि बड़ी या पैसा

लिखित

1. (क) अहंकारी (ख) पुरुष

(ग) सफेद कपड़े में लपेट कर दो ईंटें

2. (क) राजा कहता था कि संसार में धर्म-कर्म, स्त्री-पुत्र, मित्र-सखा सब पैसा ही है।

(ख) रानी पैसे को तुच्छ और बुद्धि को श्रेष्ठ समझती थी।

(ग) राजा ने रानी से पूछा कि दुनिया में बुद्धि बड़ी है या पैसा?

(घ) व्यापार से कमाए धन से रानी ने सेठ के रुपए चुका दिए और बचे पैसों से गरीब दवाखाना, पाठशाला और अनाथालय खुलवा दिए।

(ङ) जब राजा ने देखा रानी के मकान के पास औषधालय, पाठशाला, अनाथालय बने हैं, तो वह सोचने लगा कि रानी को तो मैंने एक भी पैसा नहीं दिया और लाखों की इमारत कैसे बनवा ली। यह देखकर राजा को रानी की बुद्धिमता पर विश्वास हो गया।

(च) जब रानी ने पैसे को तुच्छ और बुद्धि को श्रेष्ठ बताया तो राजा को गुस्सा आ गया और उसने रानी को नगर के बाहर एक मकान में भेज दिया और सारे जेवर उतरवा लिए।

(छ) रानी ने नौकर से दी ईंटें मँगवाईं और सफेद कपड़े में लपेट कर अपने नाम की मोहर लगा दी और धन्नू

सेठ को अपनी धरोहर कह कर दस हजार रुपए मँगा लिए। उन्हीं पैसों से रानी ने व्यापार शुरू किया।

(ज) देशाटन जाते समय एक ठग ने राजा से कहा मैंने एक आँख तुम्हारे पास गिरवी रखी थी, वह लेने आया हूँ। राजा ने बदनामी से बचने के लिए उसे चार हजार रुपए दिए और दूसरे ठग ने इसी प्रकार अपना कान गिरवी रखने की बात कही और राजा से काफी रुपए ठग कर ले गया।

(झ) राजकुमारी द्वारा भेजी गई चिट्ठी में विवाह की शर्तें लिखी थीं और यह भी लिखा था अगर राजा शतरंज में हार गया तो उसे जेल की हवा खानी पड़ेगी।

(ञ) रानी ने दोनों ढंगों से कहा-पहले अपनी दूसरी आँख निकाल कर दे दो, मेरे पास बहुत लोगों की आँखें गिरवी रखी हैं। उससे मिला कर वापस कर दूंगी। इसी प्रकार जब दूसरे ठग ने कान गिरवी रखने की बात कही तो उसे भी यही कहा-अपना दूसरा कान काट कर दो, तभी पहला वापस मिलेगा। यह सुनकर दोनों ठग भाग गए।

भाषा ज्ञान

1. (क) **राजकुमार** को महल में बुलाया गया।
   (ख) **सेठानी** ने नौकर को बुलाया।
   (ग) **घोड़ी** तेज दौड़ती है।
   (घ) जंगल में **शेरनी** अपने बच्चों के साथ बैठी थी।
2. (क) पैसे (ख) पंखे (ग) डिबियाँ (घ) घोड़े
   (ङ) आशाएँ (च) कमरे (छ) सखियाँ (ज) रानियाँ
3. (क) अप (ख) बद (ग) अव (घ) अप
4. (क) सब्जी वाला, लकड़ी वाला (ख) इज्जतदार, पहरेदार
   (ग) भारतीय, पर्वतीय (घ) अहंकार, चित्रकार
   (ङ) रंगीन, प्रवीन (च) (वना)
5. (क) रानी ने कुम्हार से दो ईंटें मंगवाईं।
   (ख) रानी ने गरीबों के लिए पाठशाला, दवाखाना और अनाथालय खुलवाए।
   (ग) राजा ने लज्जित होकर बोला-रानी, तुम धन्य हो।

पाठ 5 - एक कहानी कुछ अनजानी

लिखित

1. (क) मुहम्मद गौरी (ख) अपना प्रभुत्व जमाने के लिए (ग) एक (घ) 379
2. (क) कुतुबमीनार लाल पत्थरों से बनी है।
   (ख) कुतुबुद्दीन एबक के कार्यकाल में पहली मंजिल बनी थी। उसके बाद इल्तुतमिश के कार्यकाल में तीन मंजिल बनी और अंतिम मंजिल का निर्माण सन् 1386 मे फिरोजशाह तुगलक के कार्यकाल में पूरा हुआ।
   (ग) वसुधैव कुटुंबकम का अर्थ है। पूरा विश्व एक परिवार है।
   (घ) यूनेस्को द्वारा कुतुबमीनार को विश्वदाय स्मारक की मान्यता दी गई है।
   (ङ) कुतुबद्दीन एबक का कहना था कि जो दिल्ली में राज करेगा, भारत का राजा वही बनेगा, इसलिए उसने दिल्ली को राजधानी घोषित करते हुए सबसे पहले कुब्बतुल इस्लाम मस्जिद बनवाई।
   (च) कुतुबमीनार की पहली मंजिल कुतुबद्दीन ऐबक के कार्यकाल में बनी। इसके बाद इल्तुमिश के कार्यकाल में तीन मंजिल बनीं। पाँचवीं मंजिल सन् 1386 में फिरोज शाह तुगलक के कार्यकाल में पूरी हुई। इस प्रकार यह दुनिया की सबसे ऊंची मीनार बन गई जो कुतुबमीनार के नाम से जानी गई।
   (छ) जब सभी देशों, धर्मों, वर्गों और समुदायों के लोग प्रतिदिन हजारों की संख्या में मेरे पास आते हैं, तो कुतुब मीनार का सीना गर्व से तन जाता है और इसके परिसर में स्थित लौह स्तंभ को देखकर वे चकित रह जाते हैं।
   (ज) लौह स्तंभ लगभग डेढ़ हजार वर्ष पुराना होते हुए भी आज तक इसमें जंग नहीं लगा।

भाषा ज्ञान

1. (क) सप्ताह (ख) महीना (ग) दशक (घ) सहस्त्राब्दी
   (ङ) पक्ष (च) वर्ष (छ) सहस्त्राब्दी (ज) छमाही
2. (क) नवीन (ख) विदेशी (ग) अविकसित (घ) ध्वंस
   (ङ) अनेक
3. सम्मान, इरादा, पाखंड, मशहूर, महिमा

पाठ 6 - चेतक

लिखित

1. (क) रण के बीच (ख) कोमल थे
   (ग) निर्भीक बना रहता था (घ) दंग रह जाते थे
2. वाग हिली, लेकर सवार, फिर नहीं, तक चेतक
3. (क) लगाम के हलके से हिलने पर ही चेतक अपने स्वामी का हर संकेत समझ जाता था।
   (ख) चेतक बहुत तेज दौड़ता था। आसमान में हवा से बातें करता था। इसलिए उसका संबंध हवा से पाला पड़ने से जोड़ा जाता था।
   (ग) चेतक निडर होकर, ढालों के बीच में जाकर, तेजी से तलवारों में दौड़ता था। पलक झपकते ही उड़ जाता था।
   (घ) एक दिन वह ठहर गया। भयंकर वज्र-सा वह दुश्मन की सेना पर कहर डालने लगा। भाला और धनुष गिरकर घोड़े का पाँव रुक गाया। चेतक के ऐसे रंग देखकर वैरी समाज दंग रह गया।

भाषा ज्ञान

1. (क) अश्व, चेतक (ख) दुश्मन, वैरी (ग) चकित, दंग (घ) थोड़ा, कम
2. (क) अर्थ - बहुत तेज - प्रयोग : चेतक दौड़ते समय हवा से बातें करता था।
   (ख) अर्थ - चकित होना - प्रयोग : चेतक के कारनामे देखकर लोग दाँतों तले अंगुली दबा लेते थे।
   (ग) अर्थ - हराना - प्रयोग : युद्ध में चेतक ने दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए।
   (घ) अर्थ - प्राणों की बाजी लगाना - प्रयोग : अपने स्वामी के लिए चेतक ने युद्ध में दुश्मनों से लोहा लिया।
3. (क) कायर (ख) शांति (ग) मित्र (घ) निर्बलता
   (ङ) विरक्ति

पाठ 7 - कश्मीरी सेब

लिखित

1. (क) जब आदमी को बेईमानी करने का अवसर मिलता है तो वह बेईमानी करता है।
   (ख) क्योंकि पढ़े-लिखे बाबुओं और कर्मचारियों पर कोई विश्वास नहीं रहा, सब आपको हानि ही पहुँचाने की कोशिश करेंगे।
   (ग) क्योकि तौल में चाहे छटाँक-आध छटाँक कर लें लेकिन उन्हे पाँच की जगह भूल से दस का नोट दे आते जो आपको घबराने की जरूरत नहीं।
2. (क) गाजरों में विटामिन होते हैं। इसलिए उन्हें मेंजों पर स्थान मिलने लगा है।
   (ख) यदि हम एक सेब प्रतिदिन खाएँ तो हमे डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
   (ग) बनारस के लँगड़े आम, लखनऊ के दशहरी और बंबई के अल्फाँस की किस्में बताई गई हैं।
   (घ) दुकानदार ने कहा बड़े मजेदार सेब आए हैं। खास कश्मीर के खाकर आपकी तबियत खुश हो जाएगी।
   (ङ) क्योंकि रात में फल खाने का कोई कायदा नहीं होता। फल खाने का समय प्रात:काल ही होता है।
   (च) लेखक आशा करता है कि पाठक बाजार जाकर सावधानी बरते, जागरूकंता अपनाए, तभी अच्छी गुणवत्ता वाली वस्तुएँ खरीद सकेंगे।

(छ) शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के शब्दों पर विचार करने की प्रवृत्ति हो गई है। क्योंकि अब पता चल चुका है कि किस फल या सब्जी में विटामिन है। या प्रोटीन, जो हमारी सेहत के लिए लाभकारी है।

(ज) लेखक ने प्रात:काल सेब निकाले तो देखा सभी सेब सड़े व गले हुए थे।

(झ) समाज के चारित्रिक पतन के माध्यम से लेखक कहना चाहता है कि बाजार में कुछ भी खरीदते समय सतर्क रहना बहुत जरूरी है।

(ञ) दुकानदार ने भाप लिया था कि लेखक अपनी आँखों से काम लेने वाला नहीं है और न ही इतना चौकस है कि घर से सेब वापस लौटाने आएगा।

(ट) आदमी बेईमानी तभी करता है जब उसे अवसर मिलता है। चाहे वह अपने ढीलेपन से हो या सहज विश्वास से बेईमानी में सहयोग देना है।

(ठ) एक बार लेखक ने मुहर्रम के मेले में एक खोमचे वाले से एक पैसे की रेवड़ियां ली थीं और पैसे की जगह अठन्नी दे आया था।

भाषा ज्ञान

1. (क) श् + इ + क् + ष् + इ + त् + अ
   (ख) ज + ञ् +आ + न् + अ
   (ग) च् + आ + र् + इ + त् + र् + क् + अ
   (घ) श् + र् + अ + म् + इ + क् + अ
2. (क) नर, मानव, पुरुष
   (ख) खुश, हर्ष, प्रफुल्ल
   (ग) भोर, सुबह, सवेरा
   (घ) नजर, दृष्टि
3. (क) निराशा (ख) दुखी (ग) साय:काल (घ) ईमानदार
   (ङ) असुरक्षित (च) असहयोग (छ) दुर्गति (ज) अनावश्यक

पाठ 8 - अभ्यारण्य

लिखित

1. (क) विषम जलवायु (ख)कैलादेवी अभ्यारण्य
   (ग) गोडावण (घ) चित्तौड़गढ़ जिले में (ङ) प्रवासी पक्षी
2. (क) अतीत
   (ख) केवलादेव मंदिर (ग) शरण स्थली
   (घ) रणथंभौर (ङ) चित्तौड़गढ़, सीता माता
   (च) सवाई मानसिंह अभ्यारण्य
3. (क) (1) रणथंभौर अभ्यारण्य बाघों की रक्षा के लिए बनाया गया।
   (2) रणथंभौर अभ्यारण्य प्राचीन काल से पशु-पक्षियों के लिए प्रसिद्ध रहा है।
   (3) रणथंभौर अभ्यारण्य में जोगी महल पर्यटकों का प्रिय स्थान है।
   (ख) (1) सीता माता अभ्यारण्य चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित है।
   (2) सीता माता अभ्यारण्य में करमोई और नालेश्वर नामक नदियाँ बहती हैं।
   (3) सीता माता अभ्यारण्य उड़न गिलहरियों के लिए प्रसिद्ध है।
   (ग) (1) भारत का राष्ट्रीय पशु बाघ है।
   (2) राष्ट्रीय पशु भारत के अशोक स्तंभ पर स्थित है।

(3) राष्ट्रीय पशु बाघ को संरक्षित प्रजाति में शामिल किया गया है।

(घ) (1) केवलादेव अभ्यारण्य में क्रेन पक्षी सर्दियाँ बिताने आते हैं।

(2) केवलादेव अभ्यारण्य में अजगरों को देखा जा सकता है।

(3) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान के भरतपुर में स्थित है।

4. (क) अभ्यारण्य उस वन को कहते हैं, जहाँ वन्य जीवों का संरक्षण किया जाता है। तथा वन्य जीव नैसर्गिक वातावरण में, बिना किसी भय के अपना प्राकृतिक जीवन जीते हैं।

(ख) रणथंभौर और अभयारण्य, अभ्यारण्य सरिस्का, अरावली की पहाड़ियों, रामगढ़ विषधारी अभयारण्य में बाघ पाए जाते हैं।

(ग)

ऐतिहासिक महल	मंदिर
रणथभौर महल	केवलादेव मंदिर
सीता माता महल	कैला देवी मंदिर
हवा महल	जैन मंदिर
जिलामुख्यालय	
चौसिगा	

(घ) अभ्यारण्य पक्षियों, जीवों और वनस्पतियों के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अभ्यारण्य में वन्य जीवों का संरक्षण किया जाता है। क्योंकि वन्यजीव नैसर्गिक वातावरण में बिना किसी भय के अपना प्राकृतिक जीवन जीते हैं।

(ङ) आवासी पक्षी - जो पक्षी अभ्यारण्य में ही रहते हैं, स्थानीय क्षेत्र वाले पक्षी आवासी पक्षी कहलाते हैं। और प्रदेश से आए पक्षी प्रवासी पक्षी कहलाते हैं।

(च) अभ्यारण्य पक्षियों, जीवों और वनस्पतियों के अस्तित्व को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान है। इनमें पक्षी अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं।

पाठ 9 - श्रेय

लिखित

1. (क) आँधी पानी में (ख) विनम्रता की (ग) झूठा श्रेय
2. (क) क्योंकि पेड़ बड़ा होते हुए भी कई सालों से आँधी-वर्षा के बाद भी सीधा व सिर ऊँचा किए खड़ा है।

(ख) जब लेखक ने कहा-ऋतुएँ भी बदलती हैं, बिजली भी गिरती है, और तुम हरियाली के रूप को ओढ़कर अपनी जगह खड़े हो। यह सुनकर पेड़ काँप उठा।

(ग) पत्तियों ने चुप्पी तोड़कर सर्र-सर्र की आवाज निकाली।

(घ) किसी ने कहा कि तुम आँधी, तूफान के बावजूद भी सीधे खड़े हो।

(ङ) पेड़ उस व्यक्ति की आवाज सुन कर काँप गया और कहा मुझे झूठा श्रेय मत दो।

(च) जब आँधी तूफान में भी पेड़ का कुछ नहीं बिगड़ता और सिर ऊपर किए अपने स्थान पर स्थिर रहता है। यह देखकर पता चलता है, कि पेड़ अपनी जगह पर अड़ा हुआ है।

(छ) इसका अर्थ है, हर विपत्ति में पेड़ सीधा खड़ा रहता है। और विनम्रता की हरियाली ओढ़े अपनी जगह पर स्थिर है। कभी कोई शिकायत नहीं करता।

(ज) कवि की बात सुनकर पेड़ आने वाली विपदा को भाँप गया।

(झ) पेड़ ने कवि से कहा— मुझे झूठा श्रेय मत दो। मैं कई बार झुका, डालियाँ टूटी, सूख गया। अगर श्रेय देना है तो मिट्टी को दो, जो मेरी जड़ों को संभाल कर रखे है।

(ञ) यदि पेड़ दिया हुआ श्रेय ले लेता तो हम पेड़ को अहंकारी समझते।

भाषा ज्ञान

1. **व्यक्तिवाचक जातिवाचक भाववाचक**

पेड़	ऋतुएँ	मित्रता
आम		हरियाली
सूरज		करुणा
चाँद		विनम्रता
माली		
पत्तियाँ		
गंगा		

2. सच्चा, हरा, क्रोध, पतन, बढ़ता, नीचा
3. (क) पुल्लिंग ख. स्त्रीलिंग ग. स्त्रीलिंग घ. पुल्लिंग ङ. पुल्लिंग च. पुल्लिंग छ. स्त्रीलिंग ज. स्त्रीलिंग ञ. स्त्रीलिंग
4. स्वयं कीजिए
5. (i) खड़े हो (ii) भाँप उठा (iii) उजड़ा (iv) गिरती है
   (v) मिला (vi) फिरती है।
6. (i) गृह, सदन (ii) अंधकार, साया
   (iii) मेहमान (iv) अभिलाषा, आशा
   (v) वन, निर्जन (vi) सरिता, जलधि
7. (क) कर्म, काम (ख) आसमान (ग) बादल, हथौड़ा (घ) चिट्ठी

पाठ 10 - डॉ० चंद्रशेखर वेंकटरमन

लिखित

1. (क) चमक (ख) नोबेल पुरस्कार (ग) पिता के संस्कार (घ) पार्वती देवी
   (ङ) प्राध्यापक के पद पर (च) सन् 1921 में
2. (क) आर्थिक संकट और क्षीणकाय होने के कारण रमन इंग्लैंड नहीं जा सके।
   (ख) सन 1930 में लंदन की रॉयल सोसायटी ने रमन को ह्यूजेज पदक प्रदान किया। इसके बाद स्वीडन अकादमी ने उन्हें विश्व के सर्वोच्च पुरस्कार नोबेल पुरस्कार से अलंकृत किया। सन् 1954 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ० राजेंद्र प्रसाद ने देश के सर्वोच्च अलंकार 'भारत रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया। विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुसंधान के लिए उन्हें ये पुरस्कार दिया गया।
   (ग) 21 नवंबर 1970 को भारत की इस महान विभूति का स्वर्गवास हो गया।
   (घ) रमन बहुत प्रतिभाशाली विद्यार्थी थे। उनकी कुशाग्र बुद्धि के कारण अग्रिम कक्षा के विद्यार्थी भी आश्चर्यचकित रह जाते थे। बारह वर्ष की अल्पायु में उन्होनें ने मैट्रिक परीक्षा पास कर ली थी। उन्हें वेद-शास्त्रों का भी अच्छा ज्ञान था।
3. (क) उत्लगर्भा (ख) प्राध्यापक (ग) प्रतिभाशाली
   (घ) प्रोफेसर ईलियट (ङ) मोटे मोटे, भारतीय विज्ञान परिषद
   (च) 21, 1970, स्वर्गवास
4. (क) उत्लगर्भा (ख) विद्यार्थी थे (ग) उच्च शिक्षा का प्रबंध नही था
   (घ) विवाह भी हो गया (ङ) नीला क्यों है।
5. (क) हाँ (ख) नहीं (ग) हाँ
   (घ) नहीं (ङ हाँ
6. (क) चंद्रशेखर वेंकट रमन के पिता श्री चंद्रशेखर अय्यर, जो महाविद्यालय में भौतिकी के प्राध्यापक थे, अपने पिता की वैज्ञानिक अभिरुचि का रमन पर गहरा प्रभाव पड़ा।

(ख) सन 1921 में रमन विदेश यात्रा पर गए थे। सागर का पानी देखकर रमन के मन में प्रश्न उठा कि समुद्र का पानी नीला क्यों है। और इस खोज में जुट गए। रमन प्रयोग पर प्रयोग करते रहे। सात वर्ष की सतत् साधना के बाद, सन् 1928 में रमन को सफलतामिली और उनका यह अद्‌भुत अनुसंधान 'रमन प्रभाव' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

(ग) सन 1958 में रूस की सरकार ने शांतिपूर्ण कार्यों के लिए रमन को सोवियत संघ का सर्वोत्तम पुरस्कार 'लेनिन पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस पर रमन ने कहा, ''यह पुरस्कार मुझे इसलिए दिया जा रहा है। क्योंकि मैंने विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुसंधान किए हैं। मेरी सदैव यही अभिलाषा है कि मेरे अनुसंधानों से विश्वभर में शांति तथा मानवता का कल्याण हो।''

(घ) (1) सन 1930 में — ह्यूजेज पदक
(2) सन 1954 में — भारत रत्न
(3) सन 1958 में— लेनिन पुरस्कार

भाषा-ज्ञान

1. (क) धरा, भू, भूमि (ख) संसार, जगत, जग
(ग) बेटा, आत्मज, वत्स (घ) गुरू, मान्य
(ङ) दुख, पीड़ा
2. स्वयं करें।

पाठ 11 - चिट्‌ठी के अक्षर

लिखित

1. (क) सूचनाओं को छाँटकर उन्हें प्रकाशन योग्य बनाना।
(ख) लेखक
(ग) उनका दाहिना हाथ कंधे तक उड़ गया था।
2. (क) लगातार अभ्यास से ही लेख सुन्दर होता है। सुन्दर लेख का अर्थ है— दूर-दूर अक्षर, अलग-अलग अक्षर, साँचे में ढले हुए अक्षर।
(ख) संपादक की सुन्दर लिखावट देखकर लेखक बहुत प्रभावित हुए।
(ग) संपादक ने कहा— दाँए-बाएँ में कुछ फर्क नहीं होता। जो गुण दायँ हाथ में होता है, वही बाएँ हाथ में भी होता है। यह तो व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह किस हाथ से काम करता है।
(घ) सेवा-मुक्त होकर संपादक ने पढ़-लिखकर, एक अखबार प्रकाशित करने का फैसला किया।
(ङ) संपादक महोदय ने चार-पाँच साल तक बाएँ हाथ से लिखने का अभ्यास किया। जब लिखने में वे दक्ष हो गये तो एक अखबार प्रकाशित किया।
(च) इस आशय का अर्थ है कि स्वस्थ चिंतन द्‌वारा विकलांगता की भावना पर विजय पाना संभव है।
(छ) साप्ताहिक अखबार में बीस पेज होते थे। शुरू से अन्त तक गाँव की ही बातें छपी होती थी। सुंदर ढंग से सात दिनों के समाचार छाँट-छाँट कर छापे जाते थे।
(ज) लेखक का नाम सुनते ही महिपाल ने तेजी से आगे बढ़कर उन्हें हृदय से लगा लिया।
(झ) सीमा पर शत्रु के साथ युद्‌ध करते हुए महिपाल सिंह बम फटने के कारण कंधे तक अपना दाहिना हाथ खो बैठे।
(ञ) यह बात महिपाल सिंह ने सिद्‌ध कर दी कि विकलांग होने पर निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने एक लेखक के रूप में यह सिद्‌ध कर दिया कि स्वस्थ चिंतन द्‌वारा विकलांगता की भावना पर विजय पाना संभव है।

भाषा ज्ञान

1. (क) रीतिवाचक (ख) रीतिवाचक (ग) स्थानवाचक (घ) कालवाचक
2. पेंशन, अलमारी
3. (क) मैंने (ख) मैं (ग) मुझे (घ) एक
(ङ) संपादक (च) उन्होंने (छ) वे (ज) सरकार

4. स्वयं कीजिए।

5. (क) भूतकाल (ख) भूतकाल (ख) वर्तमान काल (घ) भूतकाल
   (ङ) वर्तमान काल (च) भविष्य काल (छ) भविष्य काल

पाठ 12 - कोणार्क की आत्मकथा

लिखित

1. (क) सूर्य (ख) पेड़-पौधे (ग) बारह वर्ष
   (घ) स्थापत्य/वास्तुकला

2. (क) वायु (ख) सिंह
   (ग) अपनी विजय पताका फहराने के लिए (घ) गौरवमय इतिहास

3. (क) तीन स्वर्णिम नगरियों, भुवनेश्वर, कोणार्क और पुरी के त्रिकोण में स्थित कोणार्क एक अभूतपूर्व स्मारक है। यह भारत के गौरवमय इतिहास का प्रतीक, कला की उन्नत अवस्था का द्योतक और मानव की सबसे उत्कृष्ट भावना का प्रतीक है। कोणार्क मंदिर सूर्यभगवान को समर्पित है।

   (ख) कोणार्क के सूर्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर सिंह की मूर्तियाँ हैं।

   (ग) सूर्य का प्रतीक रथ है। इसका विशाल आकार, सूर्य रथ के रूप में भवन का परिशुद्ध अनुपात, विलक्षण वास्तुकता, भव्य शिल्प और अनूठी संरचना दर्शनीय है।

   (घ) सूर्य का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। सूर्य हमें ऊर्जा, प्रकाश, उष्मा, शक्ति तथा चेतना मिलती है। समय का चक्र सूर्य द्वारा ही संचालित होता है। रात-दिन का निर्माता सूर्य ही है। सूर्य ही दिशा-मान कराता है। पेड़-पौधे सूर्य के प्रकाश द्वारा ही अपना भोजन बनाते है जिससे जीव-जन्तु, मानव सभी जीवित हैं। जल-चक्र, नाइट्रोजन-चक्र भी सूर्य द्वारा ही संचालित होते हैं।

   (ङ) पेड़-पौधे सूर्य के प्रकाश द्वारा ही प्रकाश संश्लेषण द्वारा अपना भोजन बनाते हैं। जल चक्र सूर्य द्वारा ही संचालित होता है।

   (च) कोणार्क का मंदिर सूर्य भगवान को समर्पित है। इसके निर्माण में बारह सौ शिल्पकार कारीगर दिन-रात बारह वर्षों तक लगे रहे। इसे एक विशाल सूर्य रथ के रूप में बनाया गया, जिसे सात विलक्षण घोड़े तेजी से खींच रहे हैं। इसके पहियों की नक्काशी बहुत खूबसूरत है। सूर्य रथ के रूप में भवन का परिशुद्ध अनुपात, विलक्षण वास्तुकला, भव्य शिल्प और अनूठी संरचना सब दर्शनीय है। देवी-देवताओं की भव्य मूर्तियाँ, राजा-महाराजाओं के दरबार के दृश्य, स्वर्ग की अप्सराएँ, संगीतज्ञ, गायक, नर्तक, युद्ध के मैदान के जीवंत चित्र, स्त्री-पुरुषों के भावों को प्रकट करती मूर्तियाँ, पशु-पक्षियों के चित्र इस मंदिर में अंकित हैं। यहाँ सूर्य की तीन मूर्तियाँ इस प्रकार हैं— एक पर प्रात:कालीन प्रकाश, दूसरी पर दोपहर के सूर्य की किरणें तथा तीसरी पर सूर्यास्त की रोशनी पड़ती है।

   (छ) नट मंदिर में सूर्य के प्रति अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए नृत्य, गायन व वादन होता था। नट मंदिर के पास ही भोग मंदिर है, जहाँ भगवान सूर्य का भोग तैयार होता था। समय के प्रहार के बावजूद ये दोनों मंदिर अभी भी विद्यमान हैं।

   (ज) सूर्य मन्दिर में सूर्य भगवान की तीन मूर्तियाँ हैं जो इस प्रकार रखी हैं— एक पर प्रात: कालीन प्रकाश, दूसरी पर दोपहर के सूर्य की किरणें तथा तीसरी पर सूर्यास्त की रोशनी पड़ती है।

   (झ) कोणार्क की मूर्तियों की प्रशंसा में रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा कि इन पत्थरों की भाषा मनुष्य की भाषा को कहीं पीछे छोड़ देती है।

भाषा ज्ञान

1. पट, अजस, मूर्ति, पादप, सजनी, रज
2. निंदा, महत्वहीन, बदसूरत, निकास, विध्वंस, सूर्योदय
3. भग्न + आवेश, सूर्य + अस्त, कोण + आर्क, द्रुत + अगामी, राज + वंश, गंधर्व + अलोक
4. महाकाल, महामंत्री, महात्मा

राज्यकाल, राज्यमंत्री, राज्यसभा
राष्ट्रमंत्री, राष्ट्रीयगान, राष्ट्रपतिभवन
जनसभा, जनता, प्रियजन
समर्थ, अर्थव्यवस्था, अर्थहीन
ज्ञानेश्वर, अज्ञानता, ज्ञानी

पाठ 13 – शाहजहाँपुर का खिरनी बाग

लिखित

1. (क) शाहजहाँपुर

(ख) कौन बिस्मिल बाबू? जो तम्बाकू की दुकान करते हैं। कबाड़िया है। वे (ग) 279 (घ) मुरलीधर
(ङ) मूलवर्ती

2. (क) रोशन सिंह (ख) बिस्मिल द्वार (ग) जननी जन्मभूमि फाँस

(घ) राष्ट्रीय अस्मिता शौर्य (ङ) गेरुआ धोती च. 125 पाँच

3. (क) बिस्मिल बापू एक विश्वप्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। उनका जन्म एक ऊबड़-खाबड़ गली के मकान न० 279 में हुआ था।

(ख) पान वाले ने कहा— अच्छा-अच्छा आप अखबार वाले हैं। आगे वाला जो मोड़ है, उस कोलिया में चले जाइए, फिर बाएँ घूम जाइएगा।

(ग) फाँसी की कोठरी में लिखा था— ''मुल्क पर कुरबान हो जाने के आरमां दिल में हैं।''

(घ) नारायन एक सिधुआ आदमी थे। उन्होंने लेखक को बताया- यही सामने बालघर बिस्मिल बाबू का है।

(ङ) मिश्रजी ने कहा, ''हमसे बिस्मिल भैया के पिताजी घरेलू बातें किया करते थे। बिस्मिल भैया की बहन एटा में ब्याही थी। सन 47 में देश की आजादी के बाद उनकी माताजी के पास देश के विभिन्न भागों से मनीऑर्डर आते थे। यह मकान बिस्मिल की बहन से 1200 रुपये में चूड़ीवाले विद्याराम ने खरीदा था। विद्याराम से एक पंजाबी ने और बाद में नारायन ने।

(च) लेखक ने खिरनी बाग में देखा कि काली मंदिर के सामने एक गेट बना हुआ है, जिस पर 'बिस्मिल द्वार, बिस्मिल नगर' लिखा हुआ था।

(छ) लेखक कहता है— देखिए, बिस्मिल की प्रतिमा लगी है। किंतु उसकी दुर्दशा देखी नहीं जाती। कोई सुनने वाला है, किसी को उनकी खोज खबर के बारे में कुछ नहीं पता। कोई और मुल्क होता तो आदर से, सम्मान से पाट दिया जाता। कई लोग वहाँ खड़े थे, जो बिस्मिल के जन्म-स्थान के बारे में जानते तक नहीं थे।

पाठ 14 – प्रभात

लिखित

1. (क) चंदा ने (ख) तेज (ग) प्रकाशवान

2. (क) किरणों की भीड़ में चाँद और तारे खो गए।

(ख) समय की तेज चाल को स्वप्न लोक के व्याकुल पल रोक रहे थे।

(ग) तपती दोपहर में धरती के प्यारे श्रमजीवी काम करने निकल पड़े।

(घ) कवि कामना करता है कि सुबह को जागने वाले प्रत्येक धरती पुत्रों का दिन प्रकाशमय हो!

(ङ) समय को गतिमान इसलिए कहा जाता है क्योंकि समय निरंतर चलता रहता है। और समय के साथ सभी प्राकृतिक वस्तुओं में भी परिवर्तन होता रहता है।

(च) कवि कहता है कि जो स्वप्न देख रहे हैं उन्हें संबोधित करते हुए कहता है कि अपनी धरती का माथा चूम कर गरम सुबह तेज तपती हुई दुपहर में धरती के प्यारे श्रमजीवी उसे विकसित करने के लिए निकल पड़ते हैं।

(छ) क्योंकि स्वप्न लोक के व्याकुल पल जो अभी फैलकर दिखाई दे रहे हैं, सुबह होते ही जीवन [illegible] गतिमान चाल के बीच नष्ट हो जाते हैं।

(ज) (i) 'जागे जन जन' का तात्पर्य है कि जो जन स्वप्न देख रहे हैं, उनका दिन का प्रत्येक पल प्रकाशमय हो जो धरती पुत्र मेहनत कर रहे हैं, उन्हें सफलता प्राप्त हो।

भाषा ज्ञान

1. (क) गिन-गिन (ख) शीतल, अशोक (ग) जन-जन (घ) झण-झण
2. (क) (i) व्यक्तिवाचक (ii) भाववाचक (iii) व्यक्तिवाचक (iv) जातिवाचक
   (v) भाववाचक (vi) व्यक्तिवाचक (vii) व्यक्तिवाचक (viii) व्यक्तिवाचक
   (ख) (i) मुस्कुराहट (ii) घबराहट (iii) पिसाई
   (iv) पढ़ाई (v) सिलाई (vi) चढ़ाई
3. (क) शाम (ख) गर्त (ग) गरमी
   (घ) पराया (ङ) चुस्त (च) आकाश
4. (क) क्षणभंगुर (ख) श्रमजीवी (ग) अविकल
   (घ) गतिवान (ङ) ज्योतिर्मय

पाठ 15 - धरती का स्वर्ग

लिखित

1. (क) झेलम नदी बहती है।
   (ख) श्री शंकराचार्य पहाड़ी है।
   (ग) पांडव वंश के राजाओं का बनाया हुआ है।
2. (क) स्वर्ग (ख) अशोक ने (ग) श्रीनगर
   (घ) श्री शंकराचार्य पहाड़ी (ङ) कश्मीरी, उर्दू
3. (क) कन्याकुमारी के सागर से जो लहरें उठती है। वह बहुत खूबसूरत है। और हमें पुन: देखने के लिए आकृषित करती हैं।
   (ख) कश्मीर में जो हवा बहती है। उसमें इतनी शीतलता होती है, कि हमारे शरीर में चुभन पैदा करती है।
   (ग) कश्मीर की मिट्टी में प्यार और मुहब्बत की महक है। यही मिठास कश्मीर के सेबों में भरपूर है।
4. (क) कन्याकुमारी के सागर से तरंगे और सागर उठते झाग देखकर लेखक के मन में कश्मीर देखने की इच्छा हुई।
   (ख) ललितादित्य का सम्राज्य बहुत समृदधशाली था। वे साहित्यकार और कला प्रेमी थे।
   (ग) बारह घंटे लंबी यात्रा की बात सुनकर लेखक घबरा गया, जब उसने सुना कि एक ही चालक बारह घंटे तक बस चलाएगा। एक तरफ ऊँचे पहाड़ों से भारी पत्थरों के लुढ़ककर गिरने की संभावना, दूसरी तरफ जरा-सा फिसलने पर पाताल में बहती चिनाव की तीव्र धारा में गिर जाने का भय।
   (घ) लेखक ने रास्ते में कठोर प्रकृति से संघर्ष, समझौता और प्रेम करके कितने मामूली लोग दुर्गम, ऊँचे पर्वतीय प्रदेश में भी कृषक जीवन बिताते हैं। रास्ते के बीच में छोटे-छोटे कस्बे आते हैं। दुकानों की कतारें, छोटी-छोटी पाठशालाएँ, होटल और सिनेमाघर देखे।
   (ङ) जवाहर सुरंग से गुजरते समय लेखक बहुत पुलकित हुआ। इंजीनियरों की अद्‌भुत प्रतिभा, अदम्य साहस ने इस दुर्गम पर्वत में विशाल सुरंग बनाकर, कश्मीर और भारत का रास्ता पूरे वर्ष चलने लायक बना दिया।
   (च) श्रीनगर पहुँचकर लेखक ने अपने को धन्य माना। वर्षों की अभिलाषा उसकी सफल हो गई। बरफ और केसर के नगर में कदम रखने पर लेखक भगवान को धन्यवाद देने लगा।
   (छ) पहले तो डल झील को देखकर लेखक कहने लगा— कोच्चि की विशाल झील के सामने यह कुछ नहीं है। लेकिन पहाड़, बरफ, झील की नौका-यात्रा, हाउस बोट, अनेक प्रकार के आनंद एक साथ, एक ही जगह पर देखने को मिलते हैं। डल झील उसका मुख्य केन्द्र है।
   (ज) केरल में जन्मे जगदगुरू शंकराचार्य जी को उत्तर भारतीय सीमा पर इस गौरवपूर्ण पद पर प्रतिष्ठित देखकर, लेखक का मन गर्व का अनुभव कर रहा था।

भाषा ज्ञान

2. (क) संतुष्ट (ख) गाथाएँ (ग) बंडल
3. दु + अर्गम, ज्योति् + अमर्य, हिम + आलय
   अन् + आवश्यक, मन् + ओहर, प + वन
   शंकर + अचार्य, ललित + आदित्य, प्रत् + यक्ष
4. स्वयं कीजिए।

पाठ 16 - झाँसी की रानी

लिखित

1. (क) झाँसी की रानी (ख) शर्बत (ग) घोड़ा (घ) डायर
2. (क) जब रघुनाथ सिंह ने कहा, मैं अब नहीं बचूँगा— यह सुनकर मुंदरबाई उदास हो गई।
   (ख) सूर्य की किरणों ने रानी के सुंदर मुख को प्रदीप्त किया।
   (ग) उत्तर और पश्चिम दिशाओं की ओर तात्या और राव साहब के मोर्चे थे।
   (घ) वर्दी के कट जाने पर हुजरों ने देखा कि तोपखाने का अफसर गोरेरंग की एक सुंदर युवती थी और उसके होठों पर मुस्कुराहट थी।
   (ङ) इस पाठ में अंग्रेजों के साथ झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के अंतिम युद्ध का वर्णन किया गया है।
   (च) रानी ने आदेश दिया कि मेरी देह को अंग्रेज न छू पाएं।
   (छ) रानी को घोड़े पर बहुत भरोसा था। उसने कहा कि यदि मैं मर भी गई तो दामोदर को सुरक्षित दक्षिण पहुँचा देगा।

भाषा ज्ञान

1. (क) घोड़े से उतर कर रघुनाथ सिंह ने अपना साफा फाड़ा।
   (ख) सावधानी से घोड़े पर इन्हें बिठा कर गंगादास की कुटी पर ले जाओ।
   (ग) मुझे ग्वालियरी पर संदेह था।
   (घ) रानी को यकीन था कि उसके मरने के बाद ये दामोदर को दक्षिण पहुँचा देगा।
2. (क) सुरज्ञ + इत (ख) ग्वाल + इयरी
   (ग) अरुण + इमा (घ) मुस्करा + आहट
   (ङ) विध + अर्मी (च) अंत + इम

पाठ 17 - जीवन का झरना

लिखित

1. (क) झरने से (ख) मस्ती को (ग) सुख-दुख (घ) मृत्यु का
2. (क) जीवन एक झरने के समान है जिसका कार्य पानी है। यह सुख-दुख के रास्ते पर चलता है।
   (ख) कवि ने जीवन को झरने के समतुल्य माना है। जीवन का कार्य भी गति है। और झरने का भी कार्य गति है।
   (ग) जीवन के समान झरना भी सुख-दुख के रास्ते पर चलता है। यह रास्ते में आने वाली बाधाओं से लड़कर आगे बढ़ता है।
   (घ) निर्झर में गति ही जीवन है। जिस दिन यह गति रुक जाएगी, उस दिन मानव की मृत्यु हो जाएगी।
   (ङ) यह मार्ग में आने वाली बाधाओं से लड़कर वनों में पेड़ों से टकराकर बढ़ते हुए चट्टानों पर चढ़ता है।
   (च) झरने का कार्य निरंतर आगे बढ़ने का है। पीछे मुड़कर नहीं देखता। सिर्फ एक ही धुन है— आगे ही बढ़ते जाना है।
   (छ) यह बाधाओं से लड़कर वनों में पेड़ों से टकराकर चट्टानों पर चढ़ता है। और नौजवानों की तरह मदमाता है। इसकी लहरें बार-बार उठती हैं। जब यौवनावस्था आगे बढ़ती है, झरने की तरह ही बढ़ती है। झरने ने उसका चलना ही जीवन बताया है।

भाषा ज्ञान

1. (क) दुर्दिन (ख) शार्षक (ग) समतल
   (घ) आशीर्वाद (ङ) मस्ती (च) निर्झर
2. (क) मृत्यु (ख) रात (ग) विपरीत
   (घ) आगे (ङ) दुख (च) अच्छा समय

पाठ 18 - सोना

लिखित

1. (क) लेखिका के परिचित की पौत्री
   (ख) कुमकुम का टीका (ग) कुत्ता (घ) गंगा में
2. (क) सोना के नित्य के कार्यक्रम में पिल्लो के बीच लेट जाना सम्मिलित हो गया।
   (ख) क्योंकि उसे इनसे अपने बच्चों का डर था।
   (ग) क्योंकि फ्लोरा सोना के व्यवहार और अहिंसक प्रकृति से परिचित हो गई थी।
3. (क) सोना का रंग सुनहरा, रेशमी लच्छों की गाँठ के समान उसका कोमल लघु शरीर था। छोटा-सा मुँह और पानीदार आँखें, लंबे कान, पतली सुडौल टाँगें थीं।
   (ख) सोना लेखिका के सामने, आगे-पीछे छलाँग लगाती कभी उसके सिर के ऊपर से निकल जाती। भीतर आने पर वह लेखिका के पैरों से अपना शरीर रगड़ने लगती। साड़ी के छोर को मुँह में भर लेती और कभी-कभी पीछे से चोटी चबा डालती। डाँटने पर वह चकित आँखों से ऐसे देखती कि हँसी आ जाती थी।
   (ग) सोना के छात्रावास में पहुँचते ही एक नया काम जुड़ जाता था। कोई छात्रा उसके माथे पर कुमकुम का बड़ा-सा टीका लगा देती। कोई पूजा के बताशे खिलाती थी।
   (घ) यात्रा से वापस आने पर हेमंत, बसंत लेखिका के चारों ओर परिक्रमा करके हर्ष-ध्वनियों से उसका स्वागत करने लगे।
   (ङ) एक दिन न जाने स्तब्धता की स्थिति में बंधन की सीमा भूलकर वह बहुत ऊँचाई तक उछली और रस्सी के कारण मुँह के बल धरती पर आ गिरी। इस प्रकार किसी निर्जन वन में जन्मी पली सोना की करुण कथा का अंत हो गया।

भाषा ज्ञान

1. घना जंगल, बड़े कान, शैतान बच्चे, बड़ी-बड़ी आँखें, दूसरी दुकान, निर्बल जीव
2. (क) अनिश्चित (ख) सुनहरा (ग) नवजात शिशु
   (घ) छात्रावास (ङ) अनिच्छा
3. शैशव + अवस्था, विद्या + आलय
   रो + ओमंथन, ग्रीष्म + अवकाश
   छात्र + आवास, सद + आनंद

पाठ 19 - अतिथि सेवा

लिखित

1. (क) प्रजा के (ख) राज्य में अकाल के कारण (ग) नियम था
   (घ) तीव्र वर्षा के (ङ) व्यर्थ
2. (क) राजा (ख) आकाल (ग) आशीर्वाद (घ) गद्‌गद्
   (ङ) जल, शेष (च) आप, प्रजा (छ) अतिथि धर्म
3. (क) प्रजा ने राजा से कहा
   (ख) व्यक्ति ने राजा रन्तिदेव से कहा

(ग) भूख से पीड़ित एक व्यक्ति ने राजा से कहा

(घ) याचक ने राजा से कहा।

4. (क) राजा रन्तिदेव सदैव अपनी प्रजा के हित का ध्यान रखते थे। इसलिए प्रजा उन्हें देवतातुल्य समझती थी।

(ख) प्रजा ने कहा, ''महाराज, जीवन बचाने के लिए दूसरे स्थान पर जाने के अतिरिक्त अब कोई चारा नहीं है।

(ग) प्रजा को दुखी और भूखे देखकर रन्तिदेव और उसके परिवार दूसरे स्थान पर जाने की सोचने लगा।

(घ) दीन-हीन कृशकाय व्यक्ति, भिक्षुक, रोग और भूख से पीड़ित एक व्यक्ति याचक ने रन्तिदेव के सामने भोजन की याचना की।

(ङ) याचकों ने कहा, ''आप जैसे राजा जहाँ हों, वहाँ अकाल नहीं रह सकता। जो स्वयं विपत्ति में होकर भी श्रद्धा के साथ दुखियों की सहायता करते हैं।

(च) जब तीव्र वर्षा ने नदियों और तालाबों को पुन: भर दिया, राजा रन्तिदेव अपने परिवार और प्रजा के साथ अपने राज्य में लौट आए। कुछ ही समय बाद खेतों में फसलें लहलहाने लगीं और समृद्धि के द्वार खुल गए।

भाषा ज्ञान

1. समृद्धि, निरोगी, सम, असफलता, राजा, असीमित, पड़ताल, अधर्म
2. हीनता, विषमता, देवता, प्राचीनता शालीनता, अमरता, अज्ञानता, महानता
3. (क) प्रजा इन्हें देवतुल्य समझती है।

(ख) वे परिस्थितियों के सामने विवश हैं।

(ग) भिक्षुक को भी कई दिनों से भोजन नहीं मिला है।

(घ) वर्षा ने नदियों और तालाबों को भर दिया है।

4. अर्थ - विपत्ति आना

वाक्य - आकाल के कारण गाँव में त्राही-त्राही मच गई।

अर्थ - न संभाल पाना

वाक्य - राजा गाँव में अकाल पर काबू न पा सके और गाँव छोड़ कर चले गए।

अर्थ - कोई उपाय न सूझना

वाक्य - अब रन्तिदेव के पास गाँव छोड़ने के अलावा कोई चारा नहीं था।

अर्थ - प्रार्थना करना

वाक्य - गाँव-वासियों ने राजा से भोजन की याचना की।

शिक्षक सहायता किताब
हिंदी कक्षा-7

पाठ 1 - बरसात की आती हवा

लिखित

1. (क) बरसाती हवा

(ख) यह शीतल और सुखदायी होती है।

(ग) धरती और आकाश दोनों से अठखेलियाँ करती है।

2. (क) चंद्रमा के पास से कहकर कवि आकाश की बरसाती हवा की विशेषता बता रहे हैं।

(ख) बरसात गरमी से तपती धरती को सुख देती है।

(ग) बरसाती हवा पेड़ों की हर लताओं से खेलती है।

(घ) ये हवाएँ या तो चंद्रमा के पास से, बादलों की साँसों से आती हैं।

(ङ) ये हवाएँ चारों ओर खुशियाँ बिखेरती हैं। इसके आने से हर प्राणी, पशु-पक्षी, पेड़-पोधों में आनन्द की भावना भर जाती है।

(च) बरसात की हवाएँ चंद्रमा या बादलों के पास से आती प्रतीत होती हैं।

(छ) पर्वत शिखरों और ढाल में ये हवाएँ खेलती हैं।

(ज) हरे-भरे पौधों के साथ बरसाती हवाओं का व्यवहार मंद-मंद मुस्कुराती हवा जैसा होता है।

(झ) ये हवाएँ शून्य से निकल कर नई खुशी के साथ पेड़-पौधों से लिपट जाती हैं।

(ञ) बरसात की हवाओं के चलने से सम्पूर्ण पृथ्वी आनन्दित हो जाती है। यह पृथ्वी पर चारों ओर खुशियाँ बिखेरती है।

भाषा ज्ञान

1. (क) द्विज — दूसरा, अगला

   (ख) ताल — तलाब, तबले की ताल

   (ग) डाल — पेड़ की डाल, डालना

   (घ) प्रकृति — स्वभाव, वातावरण

2. (क) छात्र - विद्यार्थी
   छत्र - छाया

   (ख) उदर - पेट
   उदार - निर्मल

   (ग) अवधि - समय
   अवधी - भाषा

   (घ) चपल - चंचल
   चपला - दुश्चरित्रा

   (ङ) नीयत - स्वभाव
   नियत - तरीका

   (च) अनल - आग
   अनिल - नाम

   (छ) आचार - आचरण
   आचार - अचार, खाने वाला

   (ज) असमान - भिन्न
   असामान - कुछ नहीं

3. आकाश - आसमान, अम्बर
   पानी - जल, पेय
   धरती - धरा, भू
   चन्द्रमा - शशि, चाँद
   हवा - वायु, वेग
   बादल - घन, मेघ
   शरीर - तन, देह
   वृक्ष - पेड़, तरू

पाठ 2- छोटा जादूगर

लिखित

1. (क) लेखक ने छोटे जादूगर को, सड़क के किनारे एक कपड़े पर छोटे जादूगर का रंगमंच सजाए हुए देखा।
   (ख) घर जाने की जल्दी में छोटे जादूगर का स्वर लड़खड़ा रहा था।
   (ग) भीड़ में लेखक को देखकर छोटा जादूगर क्षण भर के लिए मूर्तिमान हो गया।
   (घ)' क्यों न आता' कहने से अपमान का भाव झलक रहा था।
2. (क) लड़के ने लेखक को बताया कि तमाशा दिखाने आया हूँ, कुछ पैसे कमा कर जाऊँगा तो माँ को पथ्य दूँगा।
   (ख) लेखक ने लड़के को बारह टिकट खरीद कर दिए।
   (ग) छोटे जादूगर ने हिंडोले से लेखक को खरीद कर दिए।
   (घ) लेखक की पत्नी द्वारा दिए गए रुपयों से जादूगर ने बारह खिलौने खरीदे– जैसे; भालू, बिल्ली, बंदर, गुड़िया, गुड्डा, लट्टू, ताश के पत्ते, गले की सूत की डोरी आदि।
   (ङ) लता-कुंज कलकत्ता के सुंदर बॉटेनिकल उद्यान में झील के किनारे घने वृक्षों से लदी हुई है।
   (च) छोटे जादूगर के मुँह पर गंभीरता के साथ धैर्य की रेखा थी। उसकी वाणी में कहीं रुकावट नहीं थी। लेखक को लगा इससे अच्छा निशाना तो मैं ही लगा सकता हूँ।
   (छ) क्योंकि उस बालक के पिता आजादी की लड़ाई में जेल में थे और माँ घर पर बहुत बीमार थी। इसलिए वह अपने परिवार की जिम्मेदारी उठा रहा था।
   (ज) बॉटेनिकल उद्यान में खिलौनों का अभिनय देखकर जैसे भालू मनाने लगा, बिल्ली रुठने लगी, बंदर घुड़क रहा है। लड़के की बातों से खेल होता देख सभी हँसते-हँसते लोट-पोट हो गए।

भाषा ज्ञान

1. (क) संसार — जग, जगत
   मनुष्य — नर, मानव
   कमल — पुष्प, सुमन
   पानी — जल, नीर
   माँ — माता, जन्नी
   आकाश — नभ, आसमान
   संध्या — शाम, सायं
   उद्यान — बगीचा, बाग
   (ख) (i) कामचोर (ii) अकल्पनीय
   (iii) बेनाम (iv) अन्यमनस्क
   (v) मेहनती (vi) जादूगर
2. (i) पुनरुक्त शब्द-युग्म — चलते-चलते
   (ii) विलोम शब्द-युग्म — काम न काज
   (iii) परसर्ग शब्द-युग्म — ज्यादा-से-ज्यादा
   (iv) सजातीय शब्द-युग्म — खाते-पीते
   (v) सार्थक-निरर्थक शब्द युग्म — पीना-वीना
   (vi) निरर्थक शब्द-युग्म — सटर-पटर
3.

	विग्रह	**समास का नाम**
(क)	भगवान का घर	— द्विगु समास
(ख)	सात दिनों का समूह	— द्विगु समास
(ग)	कमल के समान चरण	— कर्मधारय समास
(घ)	पाँच का समान	— बहुव्रीह समास
(ङ)	नीला है गगन	— बहुव्रीह समास
(च)	चार माह का समूह	— द्विगु समास

4. (क) तुम्हारा पालन-पोषण कौन करता है?

(ख) हमने खाना खा लिया है।

(ग) एक कप गर्म चाय पी लो।

(घ) हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री पहुँच गए हैं।

(ङ) मेले में बच्चों ने मिठाई खाई।

(च) उसे किताब खरीदनी है।

पाठ 3 - अगर नाक न होती

लिखित

1. (क) छन्ने और झाड़ू का (ख) नकसुरा

   (ग) सारी हेकड़ी

2. (क) यदि नाक न होती तो आदमी में घमंड न होता। एक दूसरे की अच्छाई या बुराई देखकर नाक न सिकोड़ता या अपने बड़े होने पर नाक ऊँची होने का घमंड न दिखाता।

   (ख) नाक बचाने के लिए आदमी खाकी वरदीधारियों, आयकर अधिकाारियों या दलालों की पत्रम पुष्पम से पूजा करता है।

   (ग) नाक तब बुरी लगती है जब बह किसी शुभ कार्य के वक्त अनायास छींक मार देती है।

   (घ) रोते समय आँखों में आँसू आते हैं, तो नाक उसका साथ निभाती है। नाक पोंछने से रोने का सारा मजा किरकिरा हो जाता है। जैसे करुण रस में बरबस भी वीभत्स आ टपकता है।

   (ङ) यदि आँख आ जाए या चली जाए तो ऐसी स्थिति मे चश्मा लगाया जाता है।

   (च) नाक के कारण दो महान ग्रंथ रामायण और महाभारत की रचना हुई थी।

   (छ) नाक नीची होने के डर से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। वह ऊँची नाक करने के चक्कर में कर्जा ले लेते हैं। झूठा दिखावा करते हैं।

   (ज) नाक के बहुत से फायदे हैं। उच्छ्वास और नि:श्वास का कार्य मुँह से किया जा सकता है। पर प्राणों का आधार श्वास है। नाक हीटर का काम करती है। वातावरण में व्याप्त प्रदूषण को फेफड़ों तक जाने से नाक ही रोकती है।

   (झ) मध्यकालीन काव्य में नायिकाओं की नाक के लिए बहुत सी उपमाएँ दी गई हैं। नाक को चंपे की कली, तिल के सुगंधित फूल से निर्मित और तलवार की धार से बढ़कर बताया गया हैं। नायिका की नाक की उपमा तोते की चोंच से पढ़ाते हैं।

   (ञ) नाक हमें पर्यावरण में व्याप्त प्रदूषण को फेफड़ों तक जाने से रोकती है, जिससे हमारे फेफड़े सुरक्षित रहते हैं।

   (ट) नाक के कारण ही सीता का हरण और रावण का मरण हुआ। यदि सूर्पनखा की नाक न कटती तो रामायण की रचना कैसे होती? महाभारत का आधार भी द्रौपदी की नाक ही थी, जो अत्यंत खतरनाक सिद्ध हुई।

भाषा ज्ञान

1. (क) तत्सम शब्द - छोछक, सुमुखी
   तद्भव शब्द - औकात, करुण
   देशज शब्द - भात, ब्याह, छोछक
   विदेशी शब्द - नाक

2. (क) अनुकूल - प्रतिकूल
   आधार - निराधार
   दुर्भाग्य - सौभाग्य
   आंतरिक - बाहरी
   असली - नकली
   सुगंध - दुर्गंध

खुशबू – बदबू

दूर – पास

2. (ख) घमंड – शान, अकड़

हाथ – हस्थ, भुजा

आँख – नयन, नेत्र

अवगुण – बुरा आचरण

(ग) हार – पतन, गले का हार

अंग – शारीरिक भुजा, भाग

कर – काम, करना

वर – दुल्हा, स्वयंवर

3. (क) मुँह में पानी आना (ख) चिराग तले अँधेरा

(ग) हेकड़ी भूल जाना (घ) लज्जित होना

4. (क) अधूरा ज्ञान हानिकारक होता है। (ख) जबरदस्ती गले पड़ना

(ग) गलती पर पछताना (घ) मूर्खों में अज्ञानी राजा

पाठ 4 - समर्पण

लिखित

1. (क) कवि देश की धरती को अपना गान, प्राण सपने, आयु का प्रत्येक पल समर्पित करना चाहता है।

(ख) कवि देश से क्षमा माँग रहे हैं, क्योंकि वह अपना सब कुछ समर्पित करना चाहते हैं।

(ग) कवि अपने दाँय हाथ में तलवार और बाएँ हाथ में ध्वज थमाने को कह रहे हैं।

(घ) धरती – धरा, भू

देश – जग, जगत

(ङ) समर्पण की

2. (क) कवि देश की धरती से निवेदन कराता है कि जब वह थाल में अपना मस्तक सजा कर लाए तो उसका समर्पण स्वीकार किया जाए।

(ख) कवि देश की धरती की धूल अपने माथे पर लगाना चाहते हैं।

(ग) कवि देश की धरती का आशीर्वाद चाहते हैं।

(घ) कवि हाथ में तलवार और कमर पर ढाल बाँधकर अपना सब कुछ देश की धरती को समर्पित करने जा रहे हैं।

(ङ) कवि चाहते हैं कि मातृभूमि के लिए तन, मन, गान, प्राण–जीवन, स्वप्न और आयु के प्रत्येक क्षण समर्पित करना चाहते हैं।

(च) क्योंकि वह मातृभूमि के लिए और भी बहुत कुछ करना चाहते हैं।

(छ) कवि थाल में सजाकर देश की धरती को अपना मस्तक भेंट करना चाहते हैं।

(ज) क्योंकि वह मातृभूमि के लिए अपना सब कुछ समर्पित करना चाहते हैं।

(झ) 'नाड़ी का तृण–तृण समर्पित' से कवि का तात्पर्य है कि फूल, उपवन और घोंसले का प्रत्येक तिनका तुम्हें अर्पित है।

(ञ) कवि देश के लिए अपना सब कुछ समर्पित करना चाहते हैं। मातृभूमि के लिए अपना तन, मन, गान, प्राण, जीवन, सपने और आयु का प्रत्येक पल वह समर्पित करना चाहते हैं।

भाषा ज्ञान

1. (ख) अ + इ + न् + क् + अ + च् + अ + न्
   (ग) त् + अ + ल् + अ + व + अ + र् + अ
   (घ) ध् + अ + र् + अ + त् + ई
   (ङ) ब + आ + न् + ध् + अ
2. (क) मृत्यु (ख) इनकार (ग) अम्बर
   (घ) मुक्त (ङ) देश (च) लेना
3. (क) मस्तक, नत (ख) घन, मेघ (ग) पृथ्वी, धरा
   (घ) फूल, पुष्प (ङ) कर्ज, उधार (च) दरिद्र, तुच्छ
4. (क) तुच्छ (ख) असीमित (ग) शरणागत
   (घ) व्यवहाारिक (ङ) विश्वसनीय

पाठ 5 - स्वास्थ्य ही जीवन है।

लिखित

1. (क) जंक फूड खाने से शरीर को पौष्टिक तत्व नहीं मिल पाते हैं।
   (ख) संतुलित भोजन में रोटी, दाल के अतिरिक्त हरी सब्जी, फल और दूध का होना आवश्यक है।
   (ग) शाकाहारी लोगों को दूध-दही अधिक मात्रा में खाना चाहिए।
   (घ) नहीं; मूली, गाजर, पालक जैसी सस्ती सब्जियाँ खाकर भी अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है।
   (ङ) दूध अपने आप में पूर्ण भोजन है। शरीर की वृद्धि के लिए बच्चों का दूध पीना बहुत आवश्यक है।
2. (क) अहमद के पिताजी ने अहमद से कहा कि बाजार की गन्दी मिठाई मत खाया करो, ये सेहत के लिए हानिकारक होती है।
   (ख) अगर अहमद बीमार न होता तो कक्षा की तरफ से कबड्डी का मैच खेलता।
   (ग) यदि हमारा हर क्षण उल्लास से भरा, रात में गहरी नींद आती हो, सुबह उठने पर मन उमंगों से भरा हो, और स्वच्छता, संतुलित आहार, व्यायाम का ध्यान रखें तो हम स्वस्थ रह सकते हैं।
   (घ) गंदे कपड़ों में तरह-तरह की बीमारियों के कीटाणु जमा हो सकते हैं। दूसरों के उतरे कपड़े पहनने से दूसरे के रोग तुम्हें लग सकते हैं।
   (ङ) सूर्य के प्रकाश से विटामिन 'डी' प्राप्त होता है। जो स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है।
   (च) व्यायाम करने से मांसपेशियाँ बढ़ती हैं, मजबूत होती हैं। अंगों में शक्ति और स्फूर्ति आती है। दंड-बैठक, कुश्ती आदि देश के प्राचीन व्यायाम हैं।
   (छ) स्वस्थ जीवन में हमारा हर क्षण उल्लास से भरा होता है, हम सदा हँसमुख रहते हैं। रात में गहरी नींद आती है। और सुबह उठने पर मन उमंगों से भरा रहता है।
   (ज) अस्वस्थ व्यक्ति के मन में उदासी रहती है। स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है। मन अनेक प्रकार की चिन्ताओं से घिरा रहता है।
   (झ) प्रतिदिन स्नान करने से हमारा शरीर साफ व रोग-मुक्त रहता है।
   (ञ) जिस घर में प्रतिदिन नियम से सफाई होती है, तो मकड़ियाँ जाले नहीं बना पातीं। फर्श की धूल में तरह-तरह के कीटाणु पलते हैं, इसलिए प्रतिदिन झाड़ू-पोंछा करने से घर साफ रहेगा और घर में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति भी स्वस्थ रहेगा।
   (ट) शुद्ध हवा और धूप हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। घर के रोशनदार व खिड़की खुली रखने से दूषित हवा बाहर जाती है और शुद्ध हवा अन्दर आती है। यदि दूषित हवा कमरे में रहेगी तो उसी में

हम साँस लेते रहेंगे, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। सर्दियों में धूप का सेवन करने से हमें विटामिन 'डी' प्राप्त होता है; जो स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है।

(ठ) 'दुग्ध भोजनम अमृतम' अर्थात दूध का भोजन अमृत के समान होता है। शरीर की वृद्धि के लिए बच्चों का दूध पीना अति आवश्यक होता है। दूध अपने आप में पूर्ण भोजन है। दूध में सभी तत्व मिले होते हैं।

भाषा ज्ञान

1. (क) (i) विद्या + आलय
   (ii) शाक + आहारी
   (iii) स्वर्ग + आसन
   (iv) विद्या + अर्थी
   (v) बाल्या + अवस्था
   (vi) अत्य + अधिक
   (vii) स्व + अच्छ
   (viii) सदा + ऐव

   (ख) (i) खोंमचे + वाले (ii) तंदुरुस्त + ई
   (iii) महत्व + पूर्ण (iv) रोशन + दान
   (v) शुद्ध + ता (vi) समझ + दार
   (vii) पनिहार + अ (viii) उपयोग + ई

   (ग) (i) सं + भावना (ii) प्र + तिदिन
   (iii) यथा + संभव (iv) व्य + आयाम
   (v) अ + स्पष्ट (vi) ला + इलाज
   (vii) दर + असल (viii) दुर + दशा
2. स्वयं कीजिए।
3. (i) आशीर्वाद (ii) दुर्गति
   (iii) ब्राह्मण (iv) धार्मिक
   (v) राष्ट्रीय (vi) उपर्युक्त
   (vii) श्रीमान (viii) ड्रम
5. स्वयं कीजिए।

पाठ 6 - प्रेम में परमेश्वर

लिखित

1. (क) आठ वर्षों से
   (ख) परमात्मा की निष्काम भक्ति करने से
   (ग) अपने जीवन को सुखी बनाने के लिए
2. (क) मूरत की स्त्री तीन साल का बालक छोड़ कर परलोक सिधार गई थी, इसलिए मूरत अपने बच्चे का पालन-पोषण स्वयं करने लगा।
   (ख) मूरत ने अपने मित्र से कहा— पुत्र मर गया, सर्वनाश हो गया। अब विनती करता हूँ कि मुझे जल्दी इस संसार से उठा ले।
   (ग) मित्र ने समझाया कि ईश्वर की इच्छा के आगे किसी का बस नहीं होता। परमात्मा की निष्काम भक्ति करने से अंत:करण शुद्ध होता है।
   (घ) सब काम परमेश्वर को अर्पण करके जीवन व्यतीत करने से परमानंद प्राप्त होगा।
   (ङ) ईश्वर ने मूरत को लालू के रूप में, स्त्री और बच्चे रूप में और सेब बेचने वाले के रूप में दर्शन दिए।
   (च) मूरत अपना समय व्यर्थ नहीं खोता था। काम करता था या रामायण पढ़ता था, गीता पढ़ता था और उसके उपदेशों पर विचार करता था।

(छ) जब मूरत का तीन साल का बच्चा स्वर्ग सिधार गया, तो उसके दु:ख की कोई सीमा न रही और उसका विश्वास हिल गया।

(ज) मूरत का बच्चा मर जाने पर मूरत का विश्वास हिल गया। वह परमात्मा की निंदा करने लगा। और कहता था कि परमेश्वर बड़ा निर्दयी और अन्यायी है। इसलिए उसने मन्दिर जाना छोड़ दिया।

(झ) मूरत के मित्र ने भगवान के प्रति मूरत के मन में विश्वास जगाया। उसने कहा— परमात्मा की निष्कास भक्ति से ही अंत:करण शुद्ध होता है। उसने मूरत का चित्त स्थिर करने का उपाय बताया, कहा— गीता-भक्त मालादि ग्रंथों का श्रवण, पठन-मनन किया करो, इससे चित्त को शान्ति मिलेगी।

(ञ) मूरत ने अपना मन काम में लगा लिया और महाभारत, रामायण पढ़ कर, उसके उपदेशों पर विचार करने लगा। ऐसा करने से उसका जीवन सुधर गया। वह सदा परमात्मा में लीन रहकर आनंदपूर्वक जीवन बिताने लगा।

(ट) गरीब स्त्री ने कहा— मैं एक सिपाही की स्त्री हूँ, आठ महीने से कर्मचारियों ने पति को कहीं भेज दिया है। गर्भवती होने पर एक ही जगह काम करती थी। बच्चा होने पर घर से निकाल दिया, क्योंकि दो जीवों को अन्न देना पड़ता। तीन माह से घूम रही हूँ। जो कुछ था, सब बेच कर खा गई। साहूकारिन के पास जा रही हूँ, शायद नौकरी पर रख लें।

(ठ) मूरत ने सेब बेचने वाली को समझाया कि बदला और दंड तो मनुष्यों का स्वभाव है, परमात्मा का नहीं। वह दयालु है। यदि इस बालक को सेब चुराने का दंड मिलना उचित है, तो हमें हमारे अनंत पापों का दंड भी मिलना चाहिए।

भाषा ज्ञान

1. (क) तीर्थयात्रा (ख) दर्शन (ग) काम-धंधे
   (घ) दर्शन (ङ) उसे
2. (क) विस्मयवाचक (ख) विधानवाचक (ग) प्रश्नवाचक
   (घ) निषेधवाचक (ङ) संदेहवाचक (च) निषेधवाचक
   (छ) संदेहवाचक (ज) इच्छावाचक

पाठ 7 - हींग वाला

लिखित

1. (क) ढेर सारी हींग रखी है।
   (ख) सावित्री के द्वारा हींग खरीदने के कारण
   (ग) सावित्री के छोटे बच्चे ने।
2. (क) हींग बेचने वाला खान आंटी के घर के बाहर मौलसिरी के नीचे बने हुए चबूतरे पर बैठ गया।
   (ख) खान ने सावित्री से हींग लेने का आग्रह किया।
   (ग) खान ने कहा— हेरा हींग है। एक नंबर की हींग है।
   (घ) छोटे लड़के ने पैंतीस पैसे लेने की जिद की।
   (ङ) बच्चे काली का जलूस देखने जाने की जिद कर रहे थे।
   (च) इस कथन के द्वारा लड़की अपने भाइयों से यह कहना चाह रही थी कि माँ, खान ही उनका बड़ा बेटा है।
   (छ) सावित्री ने कहा— पहले खाना खा लो, फिर मैं रुपया तुड़वाकर तीनों को पैंतीस-पैंतीस पैसे दूँगी।
   (ज) होली में दंगे की खबर सुनकर सावित्री इसलिए चिन्तित थी, क्योंकि उसके बच्चे काली का जलूस देखने बाहर गए हुए थे।
   (झ) बच्चों के घर न लौटने पर सावित्री परेशान हो गई। उसे अपने पर क्रोध आ रहा था कि उसने बच्चे क्यों भेजे! पागल सी गई और बच्चों की मनोकामना के लिए उसने सभी देवी-देवता मना डाले और उदास होकर फूट-फूट कर रोने लगी।
   (ञ) सावित्री ने जलूस में न जाने के लिए बच्चों को पैसों का, खिलौनों का सिनेमा का प्रलोभन दिया, लेकिन बच्चों ने इनकार कर दिया। वह इसलिए नहीं जाने देना चाहती थी क्योंकि पिछले वर्ष होली पर दंगा हो चुका था।

भाषा ज्ञान

1. (क) खानसामा (ख) इन्तजार (ग) इज्जत
   (घ) समाप्त (ङ) माँ (च) इन्तजाम
2. (क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा
   (ग) जातिवाचक संज्ञा (घ) भाववाचक संज्ञा
   (ङ) व्यक्तिवाचक संज्ञा (च) समुदायवाचक संज्ञा
3. (क) घबरा जाना (ख) मुसीबत आना
   (ग) डर जाना
4. (क) विकारी (ख) अविकारी
   (ग) विकारी (घ) अविकारी
   (ङ) अविकारी (च) विकारी
   (छ) अविकारी (ज) विकारी

पाठ 8 - चलना हमारा काम है

लिखित

1. (क) प्रस्तुत पंक्तियों में कवि कहता है जब तक मैं अपनी मंजिल नहीं पा लेता, तब तक मुझे चैन नहीं आएगा। चलते रहना और काम करते रहना ही मेरा प्रमुख लक्ष्य है।
   (ख) हमने किसी से बात कर ली या किसी की बातें सुन लीं तो हमारे मन का बोझ हल्का हो गया। कोई रास्ते मे मिला तो रास्ता आसानी से कट गया। रास्ते का परिचय देते हुए वह स्वयं का नाम ही राही बताते हैं।
2. (क) मनुष्य का निरन्तर चलते रहना ही उसका सर्वोपरि धर्म है।
   (ख) साथी के मिल जाने से कवि का रास्ता आसानी से कट गया।
   (ग) कवि ने विश्व-प्रवाह के लिए स्थानवाचक विशेषण प्रयुक्त किया है।
   (घ) किसको नहीं बहना पड़ा का अर्थ है— हमारी तरह सुख-दुख सहना नहीं पड़ा।
   (ङ) जब तक न मंजिल पा सकूँ, तब तक मुझे न विराम है।
   (च) जीवन में निरन्तर परिश्रम करने से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है।
   (छ) रास्ते का परिचय देते हुए कवि अपने को राही बताता है।
   (ज) इससे अभिप्राय यह है कि वह जीवन बिल्कुल अधूरा है। कभी कोई कुछ पाता है, कभी कोई आशा-निराशा से घिरा जीवन। कभी हँसता है। कभी रोता है।
   (झ) कवि कहता है— जीवन में सुख-दुख अटकलें आती रहती हैं। इसी का नाम तो जीवन है। इसके लिए मैं विधाता को क्यों दोष दूँ।
   (ञ) निरन्तर चलते रहने या परिश्रम करते रहने से ही हम अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। बिना मेहनत के हम कुछ भी हासिल नहीं कर सकते। चलते रहना ही हमारा सुखद एहसास और परम कर्तव्य है।

भाषा ज्ञान

1. (क) कोई (ख) कुछ (ग) कोई
   (घ) किसी (ङ) कोई (च) किसी (छ) कुछ
2. (क) नहीं (ख) न (ग) मत
   (घ) नहीं (ङ) मत (च) मत
3. (क) बँट गया, कट गया (ख) खोता कमी, रोता कमी

पाठ 9 - ऐसे थे बालकृष्ण भट्ट

लिखित

1. (क) ✓ (ख) ✓ (ग) ✓
   (घ) ✓ (ङ) ✓ (च) ✗ (छ) ✗

2. (क) पंडित बालकृष्ण भट्ट का जन्म 3 जून 1844 को प्रयाग के एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था।

   (ख) स्कूल में दसवीं तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद भट्ट जी ने घर पर ही संस्कृत का अध्ययन किया। संस्कृत के अतिरिक्त उन्हें हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, फारसी भाषाओं का भी अच्छा ज्ञान हो गया।

   (ग) प्रारम्भ में भट्ट जी प्रयाग में संस्कृत के अध्यापक रहे। लेकिन वहाँ मन न लगने के कारण भारतेन्दु हरिश्चन्द्र से प्रभावित होकर हिन्दी साहित्य सेवा का व्रत लिया और आजीवन हिंदी साहित्य की उन्नति और सेवा में लगे रहे।

   (घ) उनके निबंध संग्रह— 'साहित्य सुमन' और 'भट्ट निबंधावली' हैं।

